मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY **संपादक : छोटेलाल शर्मा**

वर्ष - 10 ■ अंक - 18 ■ मुंबई, सोमवार, दिनांक 30 जनवरी से 05 फरवरी 2023 ■ पृष्ठ : 8 ■ कीमत : 3 /- रुपये

# 'लव जिहाद' के खिलाफ हिंदूवादी संगठनों ने निकाली विशाल रैली

## कई नेता और विधायक हुए शामिल



**मुंबई:** दक्षिणपंथी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने 'लव जिहाद' के खिलाफ रविवार को मध्य मुंबई में एक विशाल रैली निकाली और धर्मांतरण रोधी कानून बनाने और धर्म के नाम पर जमीन हड़पने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) जैसे दक्षिणपंथी संगठनों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मार्च निकाला. सकल हिंदू समाज द्वारा आयोजित हिंदू जन आक्रोश मार्च, मध्य मुंबई में दादर के शिवाजी पार्क से शुरू हुआ और चार किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करते हुए परेल के कामगार मैदान में समाप्त हुआ. इसमें हजारों लोग शामिल हुए, इस दौरान लोग भगवा रंग में दिखाई दिए. कार्यकर्ताओं ने 'लव जिहाद' के खिलाफ नारेबाजी की और धर्मांतरण रोधी कानून बनाने और धर्म के नाम पर जमीन हड़पने पर कार्रवाई की मांग की. रैली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के शिवसेना गुट के कई नेता और विधायकों ने भी हिस्सा लिया. किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए मार्च के रास्ते में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था. दक्षिणपंथी संगठनों के कार्यकर्ता ''लव जिहाद'' शब्द का इस्तेमाल मुस्लिम पुरुषों पर हिंदू लड़कियों को बहला-फुसलाकर शादी के जरिये धर्मांतरण कराने का षड्यंत्र रचने का आरोप लगाने के लिए करते हैं. महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फणनवीस ने पिछले दिसंबर में कहा था कि सरकार 'लव जिहाद' पर अन्य राज्यों द्वारा बनाए गए कानूनों का अध्ययन करेगी और उचित निर्णय लेगी.

# महाराष्ट्र की पांच विधानसभा परिषद सीटों के लिए मतदान शुरू

**मुंबईः** महाराष्ट्र विधानसभा परिषद के शिक्षकों और स्नातक के पांच निर्वाचन क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच



सोमवार को सुबह आठ बजे शांतिपूर्ण ढंग से मतदान शुरू हुआ। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि निर्वाचन क्षेत्र औरंगाबाद मंडल, नासिक मंडल, अमरावती मंडल, कोकण निर्वाचन क्षेत्र और नागपुर निर्वाचन क्षेत्र हैं। इस मतदान पद्धति में मतपत्र और वरीयता प्रणाली का उपयोग किया जा रहा है। मतदाताओं को अपनी पसंद के उम्मीदवार को चुनाव आयोग द्वारा आपूर्ति किए गए विशिष्ट पेन से चिह्नित करके वरीयता देनी होती है। जिले के सभी मुख्यालयों से पहुंच रही खबरों में कहा गया है कि सभी पांचों विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान शुरू हो गया है। मतदाताओं को मतदान केंद्र पर मोबाइल फोन या कोई इलेक्ट्रॉनिक सामान ले जाने की अनुमति नहीं है। मतदान केंद्र पर लगातार वीडियोग्राफी और वेबकास्टिंग की जाएगी। चुनाव आयोग की ओर से प्रदेश के सभी मतदान केंद्रों पर माइक्रो इंस्पेक्टर नियुक्त किए गए हैं।

# जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयन्ती मनायी गई

**प्रयागराज,** ऑल इंडिया एम सी ई ए, उत्तर प्रदेश जनपद प्रयागराज के तत्वाधान में करछना तहसील के अंतर्गत ग्राम सभा हरदुआ में दलितों शोषितों दबे कुचलों





पिछड़ों अति पिछड़ों के रहनुमा बिहार गौरव बिहार प्रदेश के पूर्व मुख्य मंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की 99 वीं जन्म जयंती बड़े ही धूमधाम से सोल्लास संपन्न हुई । इस समारोह की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शिव शंकर नंद ने किया तथा संचालन जिला सचिव मोहनलाल शर्मा ने किया । समारोह के मुख्य अतिथि डॉक्टर लक्ष्मीकांत शर्मा मंडल अध्यक्ष प्रयागराज तथा विशिष्ट अतिथि आदित्य नारायण सेन पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ऑल इंडिया एम सी ई ए रहे । वक्ताओं ने जन नायक कर्पूरी ठाकुर जी की जीवनी पर चर्चा करते हुए बताया कि जन नायक कर्पूरी ठाकुर जी बिहार के दो बार मुख्यमंत्री तथा एक बार उपमुख्यमंत्री तथा विरोधी दल के नेता भी रहे । वे जन- जन के नेता गरीब- गुरबे शोषित दलित वंचित समाज पीड़ित समाज के अग्रणी नेता रहे । पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आदित्य नारायण सेन ने जन नायक कर्पूरी ठाकुर जी पर बोलते हुये सभा के माध्यम से तथा मीडिया से बात करते हुये केन्द्रीय तथा राज्य सरकार से चार मांगें रखीं - जिनमें (1) जन नायक कर्पूरी ठाकुर को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाय ( 2 ) जन नायक कर्पूरी ठाकुर जी को ' भारत रत्न ' से अलंकृत किया जाय ( 3 ) प्रदेश में प्रत्येक जिला मुख्यालय पर जन नायक कर्पूरी ठाकुर जी की प्रतिमा स्थापित करते हुये किसी मुख्य मार्ग का नाम इनके नाम पर रखा जाय ( 4 ) किसी केन्द्रीय अथवा राज्य विश्व विद्यालय का नामकरण जन नायक कर्पूरी ठाकुर जी के नाम पर किया जाय । कार्यक्रम में लोगों ने हाथ उठाकर सर्व सम्मति से इन चारों मांगों का समर्थन किया । वक्ताओं ने उनके बताए रास्ते पर



चलने का प्रण लिया । कार्यक्रम का शुभारंभ जननायक कर्पूरी ठाकुर सहित तथागत बुद्ध , महास्थविर अर्हत उपालि , डॉ बी आर अंबेडकर, प्रथम चक्रवर्ती सम्राट महापद्मनंद तथा लोक कलाकार भिखारी ठाकुर के चित्रों पर माल्यार्पण पुष्पांजलि दीप जलाकर किया गया । इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही, जिनमें प्रमुख रूप से सर्व श्री शिव दास शर्मा, गिरीश कुमार शर्मा, धर्मेंद्र कुमार शर्मा, बृजेश कुमार शर्मा, रामजी सविता , जयराम शर्मा, उमेश कुमार शर्मा, अयोध्या सिंह, सुरेंद्र सिंह पूर्व प्रधान, रंजन कुमार शर्मा एडवोकेट, चंद्रिका प्रसाद शर्मा एडवोकेट,डॉ अश्वनी कुमार नंद, शिव अधार शर्मा, संत लाल शर्मा, एन के वर्मा एडवोकेट, हरिश्चंद्र शर्मा उर्फ मटरू, जितेंद्र कुमार शर्मा , रतन लाल शर्मा, लैसन दीन शर्मा, उमेश शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, छोटे लाल शर्मा, कमलेश कुमार शर्मा , नोहर लाल शर्मा ,राजू शर्मा , ओम प्रकाश शर्मा, विनय कुमार शर्मा, रोहित शर्मा आदि भारी संख्या में महिलायें व बच्चों सहित उपस्थित रहे ।

**महाराष्ट्र शासन**
**कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई (सा. बां.) विभाग,**
**प्रशासकीयइमारत, १ ला मजला,**
**भवन्सकॉलेज जवळ, दादाभाई रोड, अंधेरी (प.), मुंबई- ४०००५८.**
E-mail-northmumbai.ee@mahapwd.com
**दुरध्वनीक्रमांक .०२२-२६२३१९६४ फॅक्स - २६२०५७८८**

**ई -निविदा सुचनाक्र.१०४ सन २०२२-२०२३**

महाराष्ट्रराज्यपालांच्यावतीनेकार्यकारीअभियंता, उत्तरमुंबई (सा.बां.)विभाग, मुंबई (दुरध्वनी/फॅक्सक्रमांक- २६२३१९६४/२६२०५७८८) महाराष्ट्रशासनाच्यासार्वजनिकाबांधकामखात्याकडुनयोग्यत्यावर्गातीलनोंदणीकृतमुंबईउपनगरजिल्हा (पश्चिमउपनगरे)मजूर सहकारी संस्था मार्यादित,मुंबई,यांच्या कडूनखालीलकामाकरीताब-१ नमुन्यातीलनिविदाई-निविदाप्रणालीद्वारे (ऑनलाईन)मागवितआहेत.निविदाकागदपत्रशासनाच्यासंकेतस्थळावर https//mahatenders.gov.inयेथेउपलब्धअसतील.तसेचनिविदास्विकारण्याचाअथवानाकारण्याचाअधिकारकार्यकारीअभियंता, उत्तरमुंबई (सा.बां.)विभाग, मुंबईयांनीराखूनठेवलाआहे.अटअसलेलीनिविदास्विकारलीजाणारनाही.स्तंभ ४ मध्ये नमुद केल्याप्रमाणे अर्जदार मजूर संस्था ज्या उपनगरातील संबंधीत असेल त्याच उपनगरातील कामासाठी अर्ज करु शकतात.

| अ.क्र. | कामाचेनांव | रक्कम |
|---|---|---|
| १ | शासकियवसाहत वांद्रे पूर्व येथील इमारत क्र-ब-७८ ते ब-८७ (ब-७८ ते ब-८२) मधीलइमारतीच्या बाह्यभागातील रंगकाम व गिलावा करणे | रु.२३७१९८९/- |
| २ | शासकिय वसाहत वांद्रे पूर्व येथील इमारत क्र-ब-३४ ते ब-४३ (ब-३४ तेब-३८) मधील इमारतीच्या बाह्यभागातील रंगकाम व गिलावा करणे | रु.२३५७३२०/- |
| ३ | शासकिय वसाहत वांद्रे पूर्व येथील इमारत क्र-ब-४४ ते ब-५५ (ब-५० तेब-५५) मधील इमारतीच्या बाह्यभागातील रंगकाम व गिलावा करणे | रु.२३६१६३१/ |
| ४ | शासकिय वसाहत वांद्रे पूर्व येथील इमारत क्र-ब-४४ ते ब-५५ (ब-४४ तेब-४९) मधील इमारतीच्या बाह्यभागातील रंगकाम व गिलावा करणे | रु.२३५८२२५/- |
| ५ | शासकिय वसाहत वांद्रे पूर्व येथील इमारत क्र-ब-३४ ते ब-४३ (ब-३९ तेब-४३) मधील इमारतीच्या बाह्यभागातील रंगकाम व गिलावा करणे | रु.२३५१४५२/- |
| ६ | प्रशासकिय इमारत वांद्रे पूर्व येथील ९ व्यामजल्यावरील निवडणूक विभाग कार्यालयातील कर्मचाऱ्यांची कक्षाची दुरूस्ती करणे | रु.२९९८३७१/- |
| ७ | प्रशासकिय इमारत वांद्रे पूर्व येथील ९ व्यामजल्यावरील निवडणूक विभाग कार्यालयात संगणक कक्ष व स्टोरेज कक्षाची दुरूस्तीकरणे | रु.२९९७७९३/- |
| ८ | प्रशासकिय इमारत वांद्रे पूर्व येथील ९ व्यामजल्यावरील निवडणूक विभाग कार्यालयात दैनंदिन कामकाजाकरीता स्टोरेज व खुर्ची चापुरवठा करणे | रु.२९९७४२२/- |
| ९ | प्रशासकिय इमारत वांद्रे पूर्व येथील ९ व्यामजल्यावरील भूसंपादन कार्यालयातील कर्मचाऱ्यांची कक्षाची दुरूस्ती करणे | रु.२९७०५३८/- |
| १० | प्रशासकिय इमारत वांद्रे पूर्व येथील ९ व्यामजल्यावरील भूसंपादन कार्यालयात संगणक कक्ष व स्टोरेज कक्षाची दुरूस्ती करणे | रु.२९९८२०३/- |
| ११ | प्रशासकिय इमारत वांद्रे पूर्व येथील ९ व्यामजल्यावरील भूसंपादन कार्यालयात दैनंदिन कामकाजाकरीता स्टोरेज व खुर्ची चापुरवठा करणे | रु.२९९१८७८/- |
| १२ | प्रशासकिय इमारत वांद्रे पूर्व येथील १ ल्यामजल्यावरील लिफ्ट लॉबी दुरूस्ती करणे | रु.२९९८१६७/- |
| १३ | शासकिय वसाहत वांद्रे पूर्व येथील सा.बां उपविभागक्र-१ यांचे शाखा-१ शाखा-२, शाखा-३ व शाखा-४ चौकॅबीनची दुरूस्ती करणे | रु.२३४४०८६/- |
| १४ | शासकिय वसाहत वांद्रे पूर्व येथील वांद्रे सा.बांउपविभाग क्र-१ अंतर्गत सेवा केंद्र क्र-१ मधील इमारत क्र-ब-१३४ ते ब-१६९ येथेकामगारांचा पुरवठा करणे | रु.२८७७८७९/- |
| १५ | शासकिय वसाहत वांद्रे पूर्व येथील वांद्रे सा.बांउपविभाग क्र-१ अंतर्गत सेवा केंद्र क्र-१ मधील इमारत क्र-ब-१७० ते ब-१९१ व ब-२०२ ते ब-२२१ येथे कामगारांचा पुरवठा करणे | रु.२८७७८३७/- |
| १६ | शासकिय वसाहत वांद्रे पूर्व येथील वांद्रे सा.बांउपविभाग क्र-१ अंतर्गत सेवा केंद्र क्र-२ मधील इमारत क्र-ब-८८ ते ब-१२१ येथेकामगारांचा पुरवठा करणे | रु.२८७६८७२/- |
| १७ | शासकिय वसाहत वांद्रे पूर्व येथील वांद्रे सा.बांउपविभाग क्र-१ अंतर्गत सेवा केंद्र क्र-२ मधील इमारत क्र-ब-१२२ ते ब-१३३ व ब-१९२ ते ब-२०१ येथील कामगारांचा पुरवठा करणे | रु.२८७७९६३/- |
| १८ | शासकिय वसाहत वांद्रे पूर्व येथील वांद्रे सा.बांउपविभाग क्र-१ अंतर्गत सेवा केंद्र क्र-३ मधील इमारत क्र-य-१ ते य-१२ येथेकामगारांचा पुरवठा करणे | रु.२८७७७९५/- |
| १९ | शासकिय वसाहत वांद्रे पूर्व येथील वांद्रे सा.बांउपविभाग क्र-१ अंतर्गत सेवा केंद्र क्र-३ मधील इमारत क्र-अ-१ ते अ-२१ व ब-१ तेब-४३ येथे कामगारांचा पुरवठा करणे | रु.२८७८६३४/- |
| २० | शासकिय वसाहत वांद्रे पूर्व येथील वांद्रे सा.बांउपविभाग क्र-१ अंतर्गत सेवा केंद्र क्र-४ मधील इमारत क्र-ब-६८ ते ब-८७ येथेकामगारांचा पुरवठा करणे | रु.२८७७७५३/- |
| २१ | शासकिय वसाहत वांद्रे पूर्व येथील वांद्रे सा.बांउपविभाग क्र-४ अंतर्गत सेवा केंद्र क्र-४ मधील इमारत क्र-ब-४४ ते ब-६७ येथे कामगारांचा पुरवठा करणे | रु.२८७८६७६/- |
| २२ | प्रशासकीयइमारत, अंधेरी (पश्चिम), मुंबई येथील पहिलामजल्यावरीलकार्यकारी अभियंताऑफीसरच्या केबिनइत्यादी स्थापत्य कामेकरणे. | रु.२९९८७९७/- |
| २३ | मुळगौण कामांतर्गत संजय गांधी निराधार योजना, अंधेरी (प.), येथीलप्लास्टर व रंगकाम, टॉयलेट फ्लोरींग इ. स्थापत्य कामे करणे. | रु.२९९९१९८/- |
| २४ | मुळगौण कामांतर्गत भूमी व अभिलेख विभाग कार्यालय, बोरीवली (पश्चिम), मुंबई येथील चौथ्या मजल्यावर रंगकाम व दरवाजे, खिडक्या, डब्ल्यु,सी.बाथ, फर्निचर इ स्थापत्य कामे करणे. | रु.२९८५१००/- |

निविदा स्विकारण्याचा अथवानाकारण्याचा अधिकारकार्यकारी अभियंता , उत्तर मुंबई(सा.बां) विभाग, अंधेरी (प.) मुंबई ५८.यांनी राखून ठेवला आहे.अट असलेलीनिविदा स्विकारलीजाणार नाही.

**ई-निविदाउपलब्धकालावधी-दि.३०/०१/२०२३तेदि.०६/०२/२०२३ पर्यंत**
**ई-निविदा उघडणे-दि. ०७/०२/२०२३** जा.क्र.काअ/उमुंवि/निविदा/९४०

कार्यकारी अभियंता यांचेकार्यालय,
उत्तर मुंबई(सा.बां) विभाग,प्रशासकीयइमारत,
१ ला मजला,भवन्स कॉलेजजवळ, दादाभाई मार्ग,
अंधेरी (प.) मुंबई ५८.
दिनांक :- २४/०१/२०२३

कार्यकारी अभियंता,
उत्तर मुंबई(सा.बां) विभाग,
अंधेरी(प.) मुंबई ५८.

डीजीआयपीआर आरओसी - २०२२-२३ क्र-५/C५५५७



## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

## विश्व शांति और समृद्धि की कुंजी भारत के पासः जापानी राजदूत

भारत में जापान के राजदूत हिरोशी सुजुकी ने शनिवार को यहां कहा कि भारत के पास पूरी दुनिया के लिए शांति और समृद्धि हासिल करने की कुंजी है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच 'घनिष्ठ तालमेल' पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है' भारत के जी20 की अध्यक्षता और जापान के इस वर्ष के लिए जी7 की अध्यक्षता करने के मद्देनजर।

'भारत के पास पूरी दुनिया के लिए शांति और समृद्धि हासिल करने की कुंजी है। भारत इस साल ऋ20 की अध्यक्षता करता है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी सितंबर में ऋ20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। (जापानी) प्रधान मंत्री फुमियो किशिदा जी 7 की अध्यक्षता करेंगे। इसलिए, भारत और जापान के बीच घनिष्ठ तालमेल पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है,' श्री सुजुकी ने कहा।

अहमदाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन (एएमए) में 11वें जापान महोत्सव का उद्घाटन करने के बाद बोलते हुए, श्री सुजुकी ने दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए लोगों से लोगों के आदान-प्रदान की आवश्यकता पर बल दिया। भारत ने 1 दिसंबर, 2022 को ऋ20 - अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग के लिए एक प्रमुख मंच - की अध्यक्षता ग्रहण की। ऋ20 शिखर सम्मेलन इस साल सितंबर में नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। जापान मई में हिरोशिमा में वार्षिक ऋ7 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

जापानी राजनयिक ने कहा कि संस्कृति वह स्तंभ है जो भारत और जापान के बीच 'विशेष साझेदारी' का समर्थन करता है जो वैश्विक और रणनीतिक है और इसमें सुरक्षा, राजनीतिक और आर्थिक सहयोग के व्यापक क्षेत्र शामिल हैं।

'इन सभी को लोगों का समर्थन करना होगा। इसलिए लोगों से लोगों का आदान-प्रदान - युवाओं का आदान-प्रदान - महत्वपूर्ण है। इसलिए मैं युवा छात्रों से कहता हूं: आप भविष्य के पुल होंगे, आप भविष्य के मशालची होंगे।' भविष्य में विशेष भारत-जापान साझेदारी को आगे बढ़ा रहे हैं।'

श्री सुजुकी ने 2017 में तत्कालीन जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे के साथ अहमदाबाद की अपनी यात्रा को भी याद किया। 'अबे (अब दिवंगत) और भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के बीच एक दूसरे के लिए गहरा सम्मान था, और उन्होंने इस विशेष साझेदारी को बनाने में हाथ मिलाया,' श्री सुजुकी ने कहा।

उन्होंने 2017 में आबे की पत्नी अकी आबे की एएमए यात्रा को भी याद किया जब उन्होंने एएमए के जापान केंद्र में लोगों के साथ बातचीत की और किताबें भी भेंट कीं।

'(पूर्व) पीएम आबे उन सर्वश्रेष्ठ पुस्तकों के चयन में भी शामिल थे जिन्हें वह और श्रीमती आबे गुजरात के लोगों को दान करना चाहते थे ताकि भविष्य में दोस्ती और अधिक गहरी हो,' श्री सुजुकी ने कहा।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 गुजरात विश्वविद्यालय और ओटोमन गाकुइन विश्वविद्यालय के बीच छात्र विनिमय की स्वर्ण जयंती भी है, जो 1972 में शुरू हुआ था।

'संस्कृति राष्ट्रों के बीच एक सेतु है। अलग-अलग देशों की अलग-अलग भाषाएं, अलग-अलग सोचने के तरीके हैं, लेकिन लोगों से लोगों का आदान-प्रदान, एक सांस्कृतिक आदान-प्रदान आसानी से इन सभी बाधाओं को पार कर सकता है,' श्री सुजुकी ने कहा, वह गुजराती को देखकर खुश थे एएमए में गाते, नाचते और जापानियों के साथ बातचीत करते लोग। इंडो-जापान फ्रेंडशिप एसोसिएशन, गुजरात ने श्री सुजुकी और अन्य प्रतिनिधियों का स्वागत किया।

जापान उत्सव, जो 2 फरवरी तक चलेगा, में जापानी मंगा कलाकार कात्सुशिका होकुसाई पर एक प्रदर्शनी, जेन-काइजन पर कार्यशाला, एक संगीत संलयन कार्यक्रम, एक ओरिगेमी कार्यशाला आदि शामिल हैं।

## मंत्री को जिले का दायित्व मिलने पर प्रशन्नता



**सीखड़,** 29 जनवरी को जिला युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष अमरेश चन्द्र केशरी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया की प्रदेश के दो प्रमुख औद्योगिक एवं व्यापारिक जनपद कानपुर नगर व मीरजापुर के प्रभार की जिम्मेदारी माननीय मंत्री श्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी जी को दिये जाने पर भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व एवं माननीय उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री जी को ह्रदय से अपने जिले के पुरी टीम के साथ आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद देता हूं।और साथ में मां विंध्यवासिनी के पावन गुप्त नवरात्रि में माता रानी के नगरी से मंत्री जी स्वागत अभिनंदन वंदन करता हूं।

## आर आर एजुकेशनल ट्रस्ट विद्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह संपन्न



**मुंबई** - आर आर एजुकेशनल ट्रस्ट विद्यालय मराठी, अंग्रेजी, ज्युनियर कालेज, म्हाडा, मुलुंड पूर्व.पर 74 वें गणतंत्र दिवस पर समारोह का आयोजन विद्यालय मैदान पर किया गया। इस अवसर पर प्रमुख अतिथी सुनील कांबले (वरिष्ठ पोलिस निरीक्षक, नवघर पोलिस स्टेशन) द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने परेड, देशभक्ती गीत ,डांस,झांकियों द्वारा अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रमुख अतिथी का सत्कार शाल, पुष्प गुच्छ देकर विद्यालय के ट्रस्टी डॉ. आर. आर. सिंह,रामचंद्र सिंह, पूर्णमासी सिंह, राजीव सिंह ने किया।

सुनील कांबले ने विद्यार्थियों, और उन्हें विविधतापूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने हेतु मार्गदर्शन करने वाले सभी शिक्षकों की प्रशंसा किया और सभी उपस्थित लोगों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनायें प्रदान किया।

## श्री मम्मा भाई हाई स्कूल चिंचपोकली में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया




**प्रतिनिधि, कदम कदम पर**

**मुंबईः** 26 जनवरी 2023 श्री मम्मा भाई हाई स्कूल चिंचपोकली के प्रांगण में 74वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। सबसे पहले सुबह 7.40 बजे भाजपा नेता एवं अखिल भारतीय सविता महासंघ के उपाध्यक्ष रामजीत वर्मा ने ध्वजारोहण के उपरांत अपने संबोधन में सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। ध्वजारोहण का कार्यक्रम प्रधानाचार्य श्रीमती शिल्पा पवार समस्त शिक्षकों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मैनेजमेंट ट्रस्टी श्री अजीत भाई करिया एवं सचिव श्री कमलेश भाई चौथानी ने सभी अभिभावक और स्कूल प्रबंधन को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।



**नैतिक पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं महाराष्ट्र अध्यक्ष द्वारा सभा आयोजित किया गया, जिसमें हमने महाराष्ट्र और मुंबई की समस्याओं पर चर्चा की है। नैतिक पार्टी के सभी साथी मिलकर के समस्याओं पर कार्य करेंगे। राष्ट्रीय महासचिव श्री चंद्र प्रकाश पांडेय राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री विजय मिश्रा महाराष्ट्र सचिव श्री रमेश मिश्रा वा श्रीकांत पांडेय महाराष्ट्र उपाध्यक्ष रंजीत तिवारी प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यम सरोज राष्ट्रीय संघटन मंत्री अशोक कोठरी वा सुरेंद्र जैन जी की मौजूदगी में हुई बैठक.**

## चार दिवसीय राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ




**सीखड़ ,** श्रीशंकाश्रम महाविद्यापीठ इंटर कालेज के खेल मैदान पर चार दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन आजाद सर्पोटिंग क्लब के द्वारा किया गया है। जिसमें आज प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक श्री राधेश्याम चतुर्वेदी एवं विद्यालय के प्राचार्य श्री कृपा शंकर चतुर्वेदी के द्वारा फीता काटकर किया गया।

साथ में संयोजक विनोद कुमार चतुर्वेदी छेदीलाल पाठक, धर्मेंद्र पाठक, अमरजीत चौबे, शकल नारायण त्रिपाठी, रामनिवास मिश्रा, अखिलेश त्रिपाठी, उपेंद्र सिंह , अनिल पांडेय, राकेश दुबे अजय यादव प्रधान लालपुर सहित विद्यालय के अध्यापक थे। उद्घाटन मैच चुनार एवं कल्लीपुर वाराणसी के बिच हुआ मैच के रेफरी नरेशचंद्र यादव, कमेटी सचिव बच्चा सेठ, मैनेजर बबलू यादव, कोषाध्यक्ष यस विश्वकर्मा, कुलपति राम सिंह यादव रतन पांडेय जिला संवाददाता स्वतंत्र प्रभात सहित गांव सहयोगी बच्चे खेल प्रेमी उपस्थित रहे।



नगर महाराष्ट्र निवासी सेन समाज के सक्रीय कार्यकर्ता, मितभाषी, सभिके आदर tithya, में अग्रसर, सबके चहते, मेरे स्नेही मार्गदर्शक मित्र आदरणीय manojseth phuldale इन्हें जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं अभिनंदन।

आप हरपल yesehi सुखी समृद्ध, हासत मुख, निरोगी रहें यहीं सेन, मा नारायणी, साईं चरनमे प्रार्थना।।

अशोक लालचंद पवार

अध्यक्ष महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन,

सभी मान्यवर पदाधिकारी।।



**ग्लोबल कैंसर केयर फाउंडेशन में हमारे साथ तन मन धन से जुड़ने वाले राजेश शुक्ला जी और सतीश शुक्ला जी आज आकर ऑफिस में विजिट किया और आश्वासन दिया की संस्था के बारे में हम से जो बन पाएगा हम करेंगे**

# चांदीवली में धूमधाम से मनाई गई डॉ.राममनोहर त्रिपाठी की जयंती

वरिष्ठ साहित्यकार,प्रखर राजनेता एवं कर्मठ पत्रकार स्वर्गीय डॉ राममनोहर त्रिपाठी की 91वीं जयंती के अवसर पर डॉ राममनोहर त्रिपाठी फाउंडेशन के अध्यक्ष,पूर्व मंत्री तथा महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस के कार्याध्यक्ष मोहम्मद आरिफ नसीम खान की ओर से असल्फा स्थित डॉ राममनोहर त्रिपाठी सभागार में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भाव-पूर्ण श्रद्धांजलि दी गई।

इस मौके पर गरीब और जरुरतमंद लोगों के लिए मुफ्त नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें सैकड़ों लोगों के आंखों की जाँच कर मोहम्मद आरिफ नसीम खान की तरफ से मुफ्त चष्मा वितरण किया गया।

इस अवसर पर स्वर्गीय डॉ. राममनोहर त्रिपाठी के चिरंजीव वरिष्ठ पत्रकार अनुराग त्रिपाठी,रामलीला महोत्सव समिति के अध्यक्ष सुनील दुबे, मुंबई कॉंग्रेस उपाध्यक्ष शरीफ खान,मुंबई कॉंग्रेस महासचिव प्रभाकर जावकर,भरत सिंह, विद्यापती राय,अनिल चौरसिया,नफीस खान,विद्रोही महाराज,चंद्रभान चौबे,विनोद सिंह,राजू श्रीवास्तव,जगदीश मिश्रा, सुनील सिंह,बल्ले सिंह,गणेश




फोटोः-कपिलदेव खरवार

चव्हाण,माया खोत,प्रदीप शहा,जमाल खान,हैदर अली शेख,अशोक पोळ,सईद खान,कमल जोशी,असलम खान,नितीन पवार,रामभाऊ गजाकोश,कमालुद्दीन अंसारी, अशोक दुबे,विनोद पांडे, पांडुरंग दरवेश,अजय सिंह, इरफान खान,राकेश सिंह, आरजू रिजवी,रामविलास पाठक,सुरज गिरी,प्रभात शाहू,महिलाओ में दमयंती ठक्कर,रिटा सिंह, सीता दुबे,राधिका पवार,मीना भालेराव,वनिता मुलीक, रुकसाना खान,भारती जयसवाल के अलावा सैकड़ों लोगों ने डॉ राममनोहर त्रिपाठी की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उनकी पवित्र स्मृति का अभिवादन किया।



घोलाई देबी प्रिमियर लीग में कलवा मुंब्रा के कार्य सम्राट विधायक श्री जितेन्द्र आव्हाड साहेब ने कलवा पूर्व के क्रिकेट प्रेमियों के हौसला बढ़ाने घोलाई नगर कलवा में भाग लिया। जहां पर सभी नगर वासियों और वहां के कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। जिसमें राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के समाजसेवी बी पी शर्मा , अशोक चौबे , आर आर यादव, लालचंद सरोज सतीष यादव ,मंजीत बी पी शर्मा , निखिल करंजकर , मोनू यादव ,अमीन मिश्रा , बाबूलाल यादव ,राम नगीना यादव गोविंद पटेल रियाज भाई ,आदि लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और कार्यक्रम को बढ़ाने में वहां पर आये मेहमानों एवं खिलाडियों को सम्मानित कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# हादसे में बाइक सवार युवक की गई जान

## खैरा गांव के पास हुआ हादसा किशोरी घायल

**कछवा,** थाना क्षेत्र के खैरा पुलिस चौकी से पहले सड़क पर फैली गिट्टी के चलते बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर गिर गया। हादसे में बाइक सवार युवक और किशोरी घायल हो गई। युवक को गंभीर चोट लगी मौके पर पहुंची पुलिस युवक को अपनी गाड़ी से लेकर सीएचसी ले गई, वहां से उसे ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

कछ्वा कस्बा निवासी डॉक्टर दीनानाथ शर्मा और उनके पुत्र संजय शर्मा क्लीनिक खोले हुए हैं। संजय शर्मा का पुत्र उत्सव शर्मा 26 वर्ष अपने मित्र की बहन को परीक्षा दिलाने के लिए सीखड़ गांव के एक कॉलेज की तरफ जा रहा था। खैरा पुलिस चौकी से करीब 300 मीटर पहले सड़क पर फैली गिट्टी के चलते बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। बाइक से गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक पर बैठी किशोरी को हल्की चोट लगी गंभीर रूप से घायल युवक उत्सव शर्मा अचेत हो गया। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष रामस्वरूप वर्मा, अचेत युवक को बोलेरो वाहन से सामुदायिक



स्वास्थ्य केंद्र कछवा ले गए, जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर उत्सव को ट्रामा सेंटर बीएचयू रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजन युवक को ट्रामा सेंटर ले गए। जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। मौत से परिवार में कोहराम मच गया। थाना अध्यक्ष रामस्वरूप वर्मा ने बताया कि हादसे के बाद बाइक सवार को अस्पताल ले जाया गया। यहां से ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। कदम कदम पर समाचार पत्र परिवार ईश्वर से कामना करता है कि शोक संतप्त परिवार को संभल प्रदान करे एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि।



डीजीआयपीआर आरओसी - २०२२-२३ क्र-५/C५५२०

# मुलुंड कांग्रेस द्वारा विविध स्थानों पर गणतंत्र दिवस समारोह संपन्न

**मुंबई-** 74वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में ध्वजारोहण समारोह का आयोजन मुलुंड कांग्रेस द्वारा



किया गया ।

प्रातः8.30बजे मुलुंड ब्लाक कांग्रेस कार्यालय पर मुंबई कांग्रेस के कार्याध्यक्ष चरण सिंह सप्रा, 9बजे शास्त्री नगर पर राजन उटवाल द्वारा, 9.15 बजे बी.के.तिवारी कार्यालय पर समाज सेवी अरविंद टिबरेवाल द्वारा, 9.25 बजे अमर नगर पर निक्सन द्वारा, 9.50 बजेमुलुंड कालोनी कांग्रेस कार्यालय पर वरिष्ठ ककांग्रेस नेता डॉ.आर.आर सिंह द्वारा, 10 बजे गोविंद सिंह कार्यालय पर बी के तिवारी द्वारा,10.15 बजे संजय गांधीनगर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ.बाबुलाल सिंह द्वारा, 10.35 बजे

सीता नगर,11 बजे रईस खान द्वारा, वैशाली नगर, मुलुंड प.पर महिला कांग्रेस अध्यक्ष नीता बेन जोशी द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा

कांग्रेस नेता डॉ.सचिन सिंह,शरीफ खान,भगवान किशोर तिवारी,अश्विनी पोचे,मैथ्यु चेरियन,अजय शर्मा,मनीष ठक्कर, कमला यादव, राजकुमार गुप्ता, राजबहादुर गुप्ता, रामनाथ लोहार, वजिरानी, अल्का बेन सावला ,

अरविंद यादव, सहित कई कांग्रेस जन उक्त समारोह में उपस्थित रहे।

# दयानंद वैदिक विद्यालय के पुर्व छात्रों का स्नेह मिलन कार्यक्रम संपन्न

**मुंबई** - प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी दयानंद वैदिक



विद्यालय (वर्ष १९९७ पूर्व छात्र समूह),मुलुंड द्वारा स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। विगत ११वर्षों से यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है, परंतु इस वर्ष आयोजकों ने विद्यालय से शिक्षा ले कर निकले पूर्व छात्र व छात्राओं (१९६८ से १९९६) को तथा सेवानिवृत्त शिक्षकों को विशेष तौर पर आमंत्रित किया था। आयोजको ने शिक्षकों को शाल,श्रीफल व स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय से पढ़ कर निकले कई डॉक्टर,इंजीनियर,चार्टेड अकाउंटेंट,बिजनेस मैन ने शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम का संचालन वरुण यादव ने किया। कार्यक्रम में २६० से अधिक लोगो ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।आयोजक समिति के रंजीत गुप्ता, दीपक गुप्ता,अविनाश पाठक,संजीव गुप्ता, सुभाष राज, धर्मेश शर्मा,तिलबहादुर सोनार, विनोद राजपूत,मफतलाल जैन,महेश गुप्ता, दिलीप सिंह,योगेश यादव,भारत निकुम व वरुण यादव (वर्ष १९९७ पूर्व छात्र समूह) ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया तथा भविष्य में भी इसी तरह के सहयोग की कामना की।

# बेटियां परिवार की शान होती हैं – प्रिंस वर्मा



बिलासपुर, छत्तीसगढ़। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर टीम मानवता एवं डीवीएस ब्यूटी पार्लर ने विपरीत परिस्थितियों में अपने परिवार का पालन पोषण कर रही बेटियों का सम्मान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिलासपुर पुलिस की रक्षा टीम ने की। रक्षा टीम के सदस्यों ने इस अवसर पर महिला सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी थी। उन्होंने अपने अभिव्यक्ति मोबाइल एप्प से सबको अवगत कराया। इस अवसर पर टीम मानवता के अध्यक्ष प्रिंस वर्मा ने कहा कि बेटियां हर परिवार की शान होती हैं । उन्होंने बेटों और बेटियों में कोई अंतर न करते हुए दोनों को एक समान सम्मान देने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि समाज में फैली कुरीतियों के समूलनाश के लिए हम सबको



एकजुट होकर काम करना होगा। कार्यक्रम में संकटमोचन ट्रेडर्स, विजय श्रीवास्तव, नंदिनी तिवारी, मनोज सोनी,अभिषेक ठाकुर,मीरा राजपूत,संस्कृति तिवारी,अपूर्वा तिवारी,सुधीर सेवते, लक्ष्मी साहू,गीता ठाकुर,कुश तिवारी, शौर्य राजपूत एवं प्रिंस वर्मा, अरुणिमा मिश्रा,गोविंद उपस्थित थे।

# मूर्ति प्रतिष्ठापना कार्यक्रम



**खंडाला ता.- वैजापूर, औरंगाबाद में श्री जबरेश्वर गणपती ट्रस्ट मंडल के श्री गणेश जी के मूर्ति प्रतिष्ठापना कार्यक्रम 6 फरवरी से होने वाला है, आज श्री गणेशजी जयंती के पावन दिन पर ध्वज पुजन की पुजा आरंभ।**



**नेहरू नगर एस आर ए मे दिनांक २८/०१/२०२३ दिन शनिवार श्री सत्यनारायण पुजा आयोजित.**
**संस्था सचिव श्री मनोज दीक्षित, कोषाध्यक्ष श्री शेर सिंह राजपूत, श्री अशोक शर्मा, विधायक श्री सुनील राऊत जी, नगरसेविका श्रीमती सुवर्णा ताई करंजे.** छोटेलाल शर्मा संपादक - **कदम कदम पर, संतोष पावस्कर.**

# पत्रकार अनुराग त्रिपाठी के आवास पर श्रीरामचरित मानस पाठ का आयोजन सम्पन्न



वरिष्ठपत्रकार,साहित्यकार,कवि और राजनेता,हिन्दी भाषियों के चहेते दिवंगत नेता डॉ राममनोहर त्रिपाठी की 91वीं जयंती के अवसर पर कुर्ला (प) अपने आवास पर गत वर्षों की भांति इस साल भी संगीतमय अखंड श्रीरामचरित मानस पाठ का आयोजन वरिष्ठ पत्रकार अनुराग त्रिपाठी,डॉ मंजू पांडेय और पूनम त्रिपाठी ने किया।

इस दौरान स्वामी अंजनीनंदनदास जी महाराज,उत्तर भारतीय संघ मुंबई अध्यक्ष संतोष आर एन सिंह,संदीप शुक्ला,आचार्य पवन त्रिपाठी,पारसनाथ तिवारी,सामाजिक कार्यकर्ता अनिल गलगली,समाज सेवी मनोज राजन नाथानी,मंगल सिंह,मार्कंडे सिंह,वरिष्ठ पत्रकार विमल मिश्र,बृजमोहन पांडेय,अनिल तिवारी,आनंद मिश्रा,आदित्य दुबे,कपिलदेव खरवार,सुभाष गिरी,जालिन्दर कांबले,एस एन मिश्रा के अलावा त्रिपाठी परिवार को तमाम चाहने वालों ने अखंड रामायण पाठ में हिस्सा लेकर इस धार्मिक अनुष्ठान का लाभ लिया। रामायण पाठ के समापन पर पंडित अरुण पाठक ने यजमान अनुराग त्रिपाठी और पूनम त्रिपाठी के कर कामलों से हवन और पूजा पाठ सम्पन्न कराया।तत्पश्चात सैकड़ों आगंतुक अतिथियों ने भंडारा का महाप्रसाद ग्रहण किया।

**फोटो:-कपिलदेव खरवार**

# पवई में गणतंत्र दिवस पर बिरहा का लोगों ने खुब आनंद लिया




गणतंत्र दिवस पर सार्वजनिक रामलीला समिति की तरफ से पवई पसपोली गांव नीटी में लोकगीत बिरहा का रोचक मुकाबला गायक चंद्रजीत यादव और गायिका उषा सुरीली के बिच सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक समाज सेवी घनश्याम यादव को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के प्रमुख अथिति उत्तर भारतीय संघ मुंबई युवा मोर्चा अध्यक्ष संजय सिंह और उत्तर मुंबई जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष क्लाइव डायस को समिति के सदस्यों ने शाल और गुलदस्ता देकर उनका सम्मान किया।

कार्यक्रम का सूत्र संचालन सचिन गायकवाड़ तथा आभार प्रदर्शन घनश्याम यादव ने किया।

फोटो:-कपिलदेव खरवार



# 11वें बीसीआर ग्लोबल आइकोनिक अवार्ड 2022 से इन हस्तियों को दिल्ली में किया जायेगा सम्मानित

**नई दिल्ली।** हमेशा की तरह इस बार भी '11वें बीसीआर ग्लोबल आइकोनिक अवार्ड 2022' से देश के विशिष्ट लोगों को किया जायेगा सम्मानित।

आपको बता दें कि '11वें बीसीआर ग्लोबल आइकोनिक अवार्ड 2022' का आगाज हो चुका है, बीसीआर यानि बॉलीवुड सिने रिपोर्टर (समाचार पत्र) द्वारा '11वें बीसीआर ग्लोबल आइकोनिक अवार्ड 2022' का आयोजन दिल्ली के कनॉट प्लेस में स्थित 'मुक्तधारा ऑडिटोरियम, में 24 फरवरी 2023 को शाम 5 बजे होने जा रहा है। इस कार्यक्रम के आयोजक है फिल्म निमार्ता-निर्देशक व संपादक-प्रकाशक अजय शास्त्री व बलदेव सिंह बेदी (फिल्म निमार्ता-डिस्ट्रीब्यूटर)।

कार्यक्रम में गेस्ट ऑफ हॉनर से श्री विपिन गुप्ता (फाउंडर नेशनल एक्सप्रेस प्रकाशन समूह व राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय मतदाता संगठन), बॉलीवुड सेलिब्रिटी गेस्ट में पंजाबी गायक शंकर साहनी, फिल्म अभिनेत्री हिमानी शिवपुरी, मॉडल स्वाति ठाकुर, फिल्म प्रोड्यूसर अरविन्द सिंह राठौर।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से एंटरटेनमेंट श्रेणी में अभिनेत्री सिद्धि सोनी, अभिनेता देव गौर, गायक सिकंदर राजा हसन, गायक रूबल कौर (पंजाबी सिंगर), गुलाब भाई (गुजराती अभिनेता) विश्व प्रसिद्ध जादूगर अमर सिंह, रिदम (चाइल्ड आर्टिस्ट) व अंजलि शास्त्री (चाइल्ड आर्टिस्ट) व सोशल एक्टिविस्ट श्रेणी में आर एस तुषीर, रीना गुप्ता। एजुकेशन श्रेणी में बीएस तोमर। फैशन श्रेणी में रचना शर्मा। हैल्थकेयर श्रेणी में एमसी शर्मा, डॉ. सलोनी सिन्हा, असाधारण प्रतिभा में कृष गुप्ता व समाज सेवक व पत्रकारिता क्षेत्र से जुड़े सतबीर पांचाल आदि को




सम्मानित किया जायेगा।

आपको बता दे कि अपनी मधुर व सुरीली आवाज से कार्यक्रम में चार-चाँद लगाने और आपको कार्यक्रम की पटकथा से रूबरू करायेंगी डॉ सुयश शर्मा।

अब आपको बताते है कि 'बीसीआर अवार्ड' क्या है ? जी हाँ, बीसीआर अवार्ड, ''बॉलीवुड सिने रिपोर्टर'' समाचार पत्र से प्रेरित है यानि 'बॉलीवुड सिने रिपोर्टर' समाचार पत्र का सूक्षम रूप 'बीसीआर', यह एक फिल्म ट्रेड समाचार पत्र है, देश दुनिया को बॉलीवुड से जोड़ने के साथ-साथ देश-दुनिया के उपलब्धि और ख्याति प्राप्त अतिविशिष्ट व सम्मानित व्यक्तियों को अवार्ड देकर भारत का नाम रोशन करने का प्रयास कर रहा है जिसमे भारत की समस्त मीडिया का समर्थन बीसीआर को मिल रहा है, हमें इस बात कि बहुत ही खुशी है कि भारत का मीडिया संगठित होकर हमारे साथ कंधे से कन्धा मिलाकर 'बीसीआर अवार्ड' को सफल बनाने का पूरा प्रयास कर रहा है।

'बीसीआर अवार्ड' एक सामाजिक अवार्ड है जिसमे देश-विदेश के उपलब्धि और ख्याति प्राप्त अतिविशिष्ट व समाजहित में कार्य करने वाले व्यक्तियों को दिया जाता है यह अवार्ड पाने के लिए आपको एक पूरी प्रक्रिया से गुजरना होता है आपको अपना प्रोफाइल हमें मेल करना होता है जिसको हमारे जूरी मेंबर्स चेक करते है कि आपने समाजहित और देशहित में कुछ किया है या नहीं, उसी के आधार पर आपका चयन किया जाता है, अगर आपका प्रोफाइल इस लायक है कि आपको अवार्ड से सम्मानित किया जाए तो आपको ससम्मान ''बीसीआर अवार्ड'' से सम्मानित किया जायेगा। आपको बता दें कि अजय शास्त्री 'बीसीआर न्यूज' यानि 'बॉलीवुड सिने रिपोर्टर' (समाचार पत्र) के संपादक व प्रकाशक हैं, शास्त्री जी इसके अलावा फिल्म निमार्ता/निर्देशक व फिल्म एसोसिएशन 'नार्थ इंडियन फिल्म एंड टेलीविजन डेवलपमेंट एसोसिएशन' के अध्यक्ष व संस्थापक भी है, शास्त्री जी फिल्मी दुनिया में लगभग 28-29 सालों से कार्यरत है और बॉलीवुड में एक खास मुकाम बनाये हुए है. शास्त्री जी का एक खास सपना ये भी है कि हमारे उत्तर भारत के प्रत्येक राज्य में भी फिल्म इंडस्ट्री की स्थापना हो जिससे हम अपने प्रत्येक राज्य में फिल्मों का निर्माण अपने ही क्षेत्र में कर सके, जिसका सीधा फायदा हमें और हमारे प्रदेश की सरकार को होगा। कार्यक्रम में मीडिया बंधुओं को भी सम्मानित किया जायेगा।

# राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें - डॉक्टर रामकृष्ण कश्यप

## विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी में नर्सिंग के बच्चों ने मनाया गणतंत्र दिवस





**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी में गणतंत्र दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लाइफ केयर हॉस्पिटल के डॉयरेक्टर डॉक्टर रामकृष्ण कश्यप थे। अध्यक्षता नेत्र निकेतन के डॉक्टर प्रदीप हेनरी थे। इस अवसर पर स्माइल वेलफेयर फाउंडेशन की नीरू बिष्ट और यूथ संस्कार फाउडेशन के अभय दुबे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। डॉ रामकृष्ण कश्यप ने इस अवसर पर कहा कि संवैधानिक मूल्यों व लोकतंत्र की महानता को समर्पित गणतंत्र दिवस हमें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन हेतु प्रेरित करता है। आइए, हम सभी राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता को अक्षुण बनाये रखने का प्रण लें । उन्होने कहा कि नर्सिंग का कोर्स कर बच्चे आने वाले भविष्य को साकार कर रहे हैं। यह कोर्स करके वें अपनी जीविका चला सकते हैं। मेडिकल कोर्स करने वाले प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वे मरीज के जीवन की सुरक्षा का संकल्प लें।

डॉक्टर प्रदीप हेनरी ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नीरू बिष्ट ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें लगन से पढ़ाई करके अपने पैरों पर खड़े होने का आव्हान किया। नीरू ने कहा कि आदमी की सिखने की कोई उम्र नहीं होती इसलिए बच्चों को लक्ष्य से भटकना नहीं है । अभय दुबे ने बच्चों से सवाल पूछे और उनकी समस्याओं का निराकरण किया ।

सोसायटी की सचिव संध्या चंद्रसेन ने नर्सिंग के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए संस्था के कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन श्रद्धा ने किया। इस मौके पर बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष मिंटू अरोरा,सचिव संध्या चंद्रसेन,मनीषा सैमुएल, सुनयना कौशिक, यूथ संस्कार फाउंडेशन के अभय दुबे, लक्ष्मी राव व संस्था के छात्र छात्राएं भी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**

**संरक्षक**
जे.पी. शर्मा

**संपादक**
छोटेलाल शर्मा
09819862172

**प्रबंध संपादक**
अनिल शर्मा
09833329721

**उप संपादक**
हरिशंकर शर्मा (मुंब्रा)
राजन शर्मा

**आर्थिक सलाहकार**
सतीशचंद्र गुप्ता

**प्रतिनिधि**
सौरभ उमेश प्रताप सिंह
राजेश कुमार शर्मा

**कानूनी सलाहकार**
एड. बी.एम. शर्मा
एड. आर. आर. शर्मा
एड. भाष्करानंद द्विवेदी
मो. 9452791570
(न्याय क्षेत्र मुंबई)

**सभी पद अवैतनिक हैं**
**व्हॉट्सएप नं. 9833235063**
E-mail:kadamkadampar1@gmail.com

# डॉ. विवेक शर्मा का मुंबई आगमन पर अनिल शर्मा ने किया सत्कार

**मुंबई ,** दिनांक 30 जनवरी को डॉ. विवेक शर्मा का मुंबई आगमन पर अनिल शर्मा ने अपने निजी स्थान चर्नी रोड मुंबई में किये सत्कार, विवेक शर्मा ने समाज के विकास के लिए डाले प्रकाश बोले समाज के विकास के लिए शिक्षा जरूरी है। युवाओ का रुझान शिक्षा के तरफ ले जाना बहुत जरूरी है।



# मूक पशु पक्षियों की सेवा करें - निधि तिवारी





सविता स्मृति स्वरोज फाउंडेशन ने पुरस्कार प्रदान किया

बिलासपुर,छत्तीसगढ़ ।सविता स्मृति स्वरोज फाउंडेशन की ओर से मानवता की सेवा करनेवाले बच्चों को सविता संवेदना पुरस्कार का आयोजन किया गया। साथ ही प्रति वर्ष यह पुरस्कार देने का निर्णय लिया गया ।प्रथम वर्ष में घायल और निराश्रित पशु पक्षियों की सेवा करने पर स्मृति चिन्ह, प्रमाणपत्र व पांच सौ रुपये पुरस्कार से आठ बच्चों का सम्मान किया गया। इस पुरस्कार को देकर बच्चों को मानवता की सेवा करने के लिए प्रेरित किया गया। सविता स्मृति स्वरोज फाउंडेशन के गठन और सविता संवेदना पुरस्कार प्रारंभ करने की प्रेरणा सविता प्रथमेश के इस कथन से मिलती है कि- 'शिक्षा की समझ से मेरा यह तात्पर्य है कि हम जीवन को समझें, कि हम लोगों को समझें, शिक्षा को समझें, प्रकृति को समझें, संवेदनाओं को समझें और सबसे प्रमुख चीज है मूल्यों को समझें।'

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कुमारी निधि तिवारी ने बच्चों और उपस्थित नागरिकों को मूक पशु पक्षियों की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। निधि तिवारी स्वयं घायल बीमार पशु पक्षियों की सेवा करने के लिए आश्रय घर संचालित करती हैं।

कुमारी निधि तिवारी द्वारा कुमारी हितिक्षा तिवारी, कुमारी एलिना मिश्रा, रजनीश सिंग, चंद्रप्रकाश बघेल, सोंटू धृतलहरे, आर्यन दुबे, सिध्दांत शरण, मनीष सिंग को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पुष्पा तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में सविता स्मृति स्वरोज फाउंडेशन की निदेशक दिव्या बाजपेयी द्वारा उपस्थित आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया।

# मुंबई उपनगर पत्रकार संस्था का 'लिट्टी चोखा' स्नेह मिलन समारोह कुशलता पूर्वक हुआ संपन्न

## राजनीति, साहित्य, पत्रकारिता,समाज सेवा, प्रशासन से जुड़े विशिष्ठ लोगों ने की शिरकत

**मुंबई,कांदिवली**

मुंबई उपनगर पत्रकार संस्था द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कांदिवली के पोईसर जिमखाना में 'लिट्टी चोखा' स्नेह मिलन समारोह 2023' का शानदार आयोजन किया गया। इस यादगार कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाईक, उत्तर मुंबई के भाजपा सांसद गोपाल शेट्टी, पूर्व गृह राज्यमंत्री भाजपा नेता कृपाशंकर सिंह,कांदिवली पूर्व के विधायक अतुल भातखलकर,दहिसर की विधायक मनीषा ताई चौधरी,चारकोप के विधायक योगेश सागर, बांद्रा के विधायक जिशान बाबा सिद्दीकी,पूर्व नगरसेवक कमलेश यादव, बीजेपी नेता एडवोकेट अखिलेश चौबे, पूर्व नगरसेवक दीपक बाला तावडे,पूर्व नगरसेवक सागर सिंह ठाकुर, पूर्व नगरसेवक जितेंद्र पटेल, एनसीपी नेता व एडवोकेट इंद्रपाल सिंह,डॉक्टर हरीश शेट्टी,निशार शेख,ई बी मुल्ला,कांग्रेस नेता अमरनाथ झा ,बिजनेसमैन बंश बहादुर जायसवाल, बॉलीवुड के प्रख्यात कॉमेडियन और एक्टर सुनील पाल,भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता गणेश खनकर, पोइसर जिमखाना के उपाध्यक्ष करुणाकरशेट्टी,समाजसेवक सूर्या रातुड़ी,भाजयूमो के नेता अमर शाह सहित समाजसेवी और साहित्य जगत के लोग उपस्थित थे। पुलिस विभाग के बड़े अधिकारियों में पुलिस उपायुक्त अजय कुमार बंसल, पुलिस उपायुक्त स्मिता पाटिल, एसीपी शैलेंद्र धीवार, एसीपी वसंत पिंगले, कस्तूरबा मार्ग पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल आव्हाड, कांदिवली पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक दिनकर जाधव, चारकोप पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक मनोहर शिंदे, मालाड के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक रवि अड़ाने,दहिसर के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रवीण पाटिल, एमएचबी के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुधीर कुडालकर, पुलिस निरीक्षक सदाशिव सावंत, पुलिस निरीक्षक अतुल मोहिते, सहायक पुलिस निरीक्षक सूर्यकांत पवार समेत अनेक पुलिस अधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।







सीनियर जर्नलिस्ट में उमेश कुमावत,मोहन देशमुख, संदीप जाधव, राजेश त्रिपाठी, बृजभान जैशवार, विशाल सिंह, अमित मिश्रा, अवनिंद्र आशुतोष, अरुण कौशिक, विनोद यादव,आरटीआई एक्टिविस्ट व पत्रकार अनिल गलगली,शैलेन्द्र सिंह, आशीष सिंह, मनोज कुलकर्णी, वरिष्ठ पत्रकार भरत मिश्रा, संतोष तिवारी, नित्यानंद शर्मा, संजय प्रसाद, संजय मिश्रा, मुस्तफा शेख, आशीष सिंह,परेश मिश्रा, विजय बंजारा, इस्माइल शेख, जयेश गोयल, रियाज अहमद, रामचंद्र यादव, प्रमोद यादव,अमीर खान सहित मुंबई, ठाणे, मीरा भायंदर, वसई विरार के कई पत्रकार उपस्थित थे,

इस कार्यक्रम का आयोजन मुंबई उपनगर पत्रकार संस्था के अध्यक्ष गोविंद ठाकुर,महासचिव जटाशंकर सिंह, कोषाध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, सलाहकार शिवशंकर तिवारी, हरीश तिवारी, राकेश त्रिवेदी, राजू पारुलेकर, कार्यकारणी सदस्य आशीष सिंह, विनय दूबे, सत्यम सिंह,गणेश कवडे, शालिनी सिंह, सुरेंद्र दुबे, प्रमोद सिंह, रोहित जायसवाल,अभिषेक मिश्रा एवं पोईसर जिमखाना के सहयोग से किया गया था।

कार्यक्रम का उत्कृष्ट संचालन वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पांडे ने किया, कार्यक्रम के प्रथम चरण में आयोजित कवि सम्मेलन में गीतकार रामजी कनौजिया, कुंवारा बी एल शर्मा , कवयित्री इंदु मिश्रा, कवयित्री सुमन तिवारी ने काव्य पाठ किया।

कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का संस्था के अध्यक्ष गोविंद ठाकुर, महासचिव जटाशंकर सिंह ,कोषाध्यक्ष राम कुमार गुप्ता ने आभार प्रकट किया।

# चार दिवसीय राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन

सीखड़ , श्रीशंकाश्रम महाविद्यापीठ इंटर कालेज के खेल मैदान पर चार दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन आजाद सर्पोटिंग क्लब के द्वारा किया गया है। जिसका समापन मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य कृष्ण कुमार सिंह (के, के सिंह) विशिष्ट अतिथि जीडी बिनानी पोस्टग्रेजुएट कॉलेज के विभागाध्यक्ष डाक्टर शुशील कुमार त्रिपाठी विनोद कुमार चतुर्वेदी प्रधानाचार्य आदर्श कन्या इंटर कॉलेज सीखड़ सुधा चतुर्वेदी की गरिमामई उपस्थिति में संपन्न हुई ।प्रतियोगिता में दो सेमीफाइनल मैच खेले गए पहला बेनीपुर वाराणसी वर्सेज आजाद स्पोर्टिंग क्लब लालपुर जिसमें आजाद स्पोर्टिंग क्लब ने4 गोल करके फाइनल मैच में पहुंच गया दुसरा जय जवान जय किसान स्पोर्टिंग क्लब चुनार एवं जय रामपुर वाराणसी के बीच दूसरा सेमीफाइनल मैच खेला गया उसमें चुनार ने 2 दो 1से विजय हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया फाईल मैच आजाद स्पोर्टिंग क्लब लालपुर जय जवान जय किसान स्पोर्टिंग क्लब चुनार के बीच हुआ जिसमें आजाद स्पोर्टिंग क्लब लालपुर ने 1 एक,0 से फाइनल मैच को जित गया। मुख्य अतिथि के द्वारा प्रथम विजेता टीम के कप्तान अमित त्रिपाठी को शिल्ड के साथ पुरे टीम को पुरस्कार दिया और विशिष्ट अतिथि ने उप विजेता टीम के कप्तान राहुल यादव मय पुरे टीम के खिलाड़ीयों को पुरस्कार दिया और मैच में मैन आप द सिरिंज चुनार के मोनू मैन आफ द मैच आजाद स्पोर्टिंग क्लब के अमित त्रिपाठी को दिया गया । खेल मैदान में मुख्य अतिथि के के सिंह के प्रयास से खिलाड़ियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पापुलर हास्पिटल के तरफ से स्टाल लगाकर सेवा देने के लिए मुख्य अतिथि ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।





मैच के रेफरी नरेशचंद्र यादव रहे इस दौरान ग्राम प्रधान चंद्रबली यादव कमेटी सचिव बच्चा सेठ, मैनेजर बबलू यादव, कोषाध्यक्ष यस विश्वकर्मा, कुलपति राम सिंह यादव सहित गांव के सहयोगी बच्चे खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# महाराष्ट्र में दर्दनाक हादसा

## ट्रैफिक से घबराकर पुल से कूदे 12 हिरण, सभी की मौत



**मुंबई** ।महाराष्ट्र को सोलापुर में रविवार को 12 हिरणों की दर्दनाक मौत हो गई। यह सभी हिरण ट्रैफिक से घबराकर बाईपास पुल से नीचे कूद गए थे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी हिरणों का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक यह घटना सोलापुर-मंडरूप बाईपास रोड का है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है।

सोलापुर के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक उदय सिंह पाटिल ने बताया कि सोलापुर-मंडरूप बाईपास रोड से यह सभी हिरण गुजर रहे थे। इसी दौरान रोड पर ट्रैफिक आ गया। इसकी वजह से यह सभी हिरण घबरा गए और किनारे की ओर छलांग लगा दी। वहीं नीचे गिर कर पत्थर से टकराने की वजह से इन सभी हिरणों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सभी हिरणों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।घटना के कारणों की जांच कराई जा रही है।

### शनिवार को भटक गए थे हिरण

जानकारी के मुताबिक शनिवार की शाम को हिरणों का एक झुंड जंगल की ओर जा रहा था। इन झुंड में से 12 हिरण किसी कारणवस बिछड़ गए थे। रविवार को यह अपने साथियों की तलाश कर रहे थे, कि यह हादसा हो गया।

# फिर विवादों में बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री, संत तुकाराम महाराज के अपमान का आरोप

**मुंबई** । बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री यानी बागेश्वर बाबा पिछले कुछ समय से देशभर में चर्चा का विषय बने हुए हैं। पहले अपने चमत्कारी दावे को लेकर विवादों में रहे बागेश्वर बाबा अब एक नए विवाद में फंस गए हैं। उन पर संत तुकाराम महाराज पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगा है। इसको लेकर महाराष्ट्र का राजनीतिक पारा चढ़ गया है।



पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने दावा किया कि संत तुकाराम महाराज को उनकी पत्नी रोज पीटती थी। इसलिए वें भगवान की शरण में आ गए। उनके इस बयान को लेकर महाराष्ट्र में अब भारी रोष व्यक्त किया जा रहा है। बीजेपी के आध्यात्मिक विंग के साथ-साथ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने भी बागेश्वर बाबा के इस बयान की आलोचना की है. ऐसा संभावना जताई जा रही है कि बागेश्वर बाबा की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

संत तुकाराम महाराष्ट्र के महात्मा थे। उनकी पत्नी उन्हें रोज पीटती थी। आए दिन उन्हें डंडे से मारती थी। किसी ने उससे पूछा, आप रोज अपनी बीवी से मार खाते है। आपको शर्म नहीं आती है? इस पर तुकाराम ने कहा, यह भगवान की कृपा है कि मुझे पीटने वाली पत्नी मिली है।

इस पर उस व्यक्ति ने बोला, इसमें ईश्वर की क्या कृपा है? तब तुकाराम ने कहा, अरे वाह... अगर मुझे प्यार करने वाली पत्नी मिली होती तो मुझे भगवान से प्रेम नहीं होता। मैं भक्ति में लीन न होता। पत्नी के प्रेम में होता। मारने वाली पत्नी होने की वजह मुझे ईश्वर की सेवा करने का अवसर मिलता है। प्रभु राम के चरणों में लीन होने का अवसर तो मिला..।

### माफी मांगने की मांग!

बीजेपी के आध्यात्मिक विंग के आचार्य तुषार भोसले ने बागेश्वर बाबा के बयान के खिलाफ विरोध दर्ज कराया है। उन्होंने जगतगुरु तुकाराम के बारे में बोलते हुए गलत संदर्भ दिया है। इससे संत तुकाराम महाराज और उनकी पत्नी की छवि को ठेस पहुंची है। इससे न केवल वारकरी संप्रदाय बल्कि पूरे महाराष्ट्र का अपमान हुआ है। इसलिए बागेश्वर बाबा को माफी मांगनी चाहिए। एनसीपी (राकांपा) सांसद सुप्रिया सुले ने भी बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री के बयान की निंदा की। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा, अगर बागेश्वर बाबा ने संत तुकाराम पर आपत्तिजनक बयान दिया है तो इसे दिखाना बंद किया जाये। मैं खुद अध्यात्म में विश्वास करती हूं। लेकिन इसलिए नहीं कि यह खराब है। मुझे सही लगता है इसलिए करती हूँ। संत तुकाराम महाराज के बारे में अगर किसी ने कुछ कहा है तो उसकी सार्वजनिक रूप से निंदा की जानी चाहिए।



संजय तिवारी (नेता कल्याण मंडल भाजपा सचिव) को कदम कदम पर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए संपादक छोटे लाल शर्मा।



रामदेव (समाजसेवी) को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए।



सूर्य कांत वर्मा (समाजसेवी) को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए साथ में है उनके पुत्र मनु व शिव शंकर शर्मा.



हौशिला प्रसाद गुप्ता (गुप्ता बुक सेंटर वरिष्ठ समाजसेवी) राधिका प्रसाद दुबे (विधानसभा उपाध्यक्ष - भाजपा) को सम्मानित करते हुए साथ में जयसवाल.



राघवेंद्रनाथ द्विवेदी (एग्जीक्यूटिव एडिटर हमारा महानगर) को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए



नितेश कुमार आर. सिंह (सहायक शिक्षक परेल मुंबई) को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए.

## बीजेपी ने मुंबई के पार्क से हटाया टीपू सुल्तान का नाम तो कांग्रेस ने लिख दिया-

# 'क्रांतिकारी अशफाक उल्ला खान'

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के मुंबई में अब टीपू सुल्तान नामक पार्क को लेकर विवाद खड़ा हो गया है. बीजेपी मलाड इलाक में विवाहित टीपू सुल्तान नामक पार्क का नाम बदलने का दावा कर रही है. महाराष्ट्र के पर्यटन मंत्री मंगल प्रसाद लोढ़ा भी जल्द नाम बदलने की बात कर रहे हैं. हालांकि अब पता चला है कि पार्क नाम पहले ही बदला चुका है. जब पार्क के पास पहुंची तो मालूम चला कि पार्क का नाम अब टीपू सुल्तान नहीं है, बल्कि इसका नाम क्रांतिकारी अशफाक उल्ला खान कर दिया गया है. इसी के साथ, वहां पर महाराष्ट्र के पूर्व कैबिनेट मंत्री और कांग्रेस के नेता असलम शेख की तस्वीर लगा दी गई है.

**नाम बदलने से पहले कर दिया नामकरण!**

बता दें कि जब महाराष्ट्र में महा विकास आघाडी सरकार थी तो असलम शेख ही थे. जिन्होंने




टीपू सुल्तान के नाम पर इस मैदान में कार्यक्रम कराया था और उसका भारी विरोध हुआ था. अब जब महाराष्ट्र में बीजेपी की सरकार है तो वो इस मैदान का नाम बदलने का दावा कर रही है. वहीं कांग्रेस नेता असलम शेख मैदान ने गेट पर एक क्रांतिकारी के नाम लिखवा दिया है.

**'शिवाजी के राज्य में टीपू सुल्तान की जरूरत नहीं'**

इससे पहले, शुक्रवार को पर्यटन मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने कहा था कि महाविकास आघाड़ी सरकार ने इस पर विवाद खड़ा किया है. उस वक्त उनकी सरकार थी तो उन्होंने हमें हिरासत में लिया, लेकिन आज हमारी सरकार है और हमने नाम हटा दिया है, क्योंकि छत्रपति शिवाजी के राज्य में टीपू सुल्तान की कोई जरूरत नहीं है.

मंगल प्रभात लोढा ने ये भी कहा कि बीजेपी कोई राजनीति नहीं कर रही है और इसका बीएमसी के चुनाव से कोई मतलब नहीं है. महाराष्ट्र के पर्यटन मंत्री मंगल प्रभात लोढा के मुताबिक, फिलहाल मुंबई के इस विवादित टीपू सुल्तान नामक पार्क का अभी कोई नया नाम नहीं रखा गया है, इस पर लोगों से सुझाव मांगे गए हैं और जल्द ही इस बार का विवाद खत्म हो जाएगा.

# कोश्यारी से महाराष्ट्र को छुटकारा मिल जाता है तो यह खुशी की बात होगी - शरद पवार

**मुंबई :** राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से महाराष्ट्र को छुटकारा मिल जाता है तो यह खुशी की बात होगी, ऐसा स्पष्ट मत राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने कल व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि भगत सिंह कोश्यारी को राज्यपाल के पद से हटा दिया जाएगा, ऐसी चर्चा हमने सुनी है। हालांकि, मेरे पास ठोस जानकारी नहीं है लेकिन सब मिलाकर एक बात अच्छी होगी कि अभी जो राज्यपाल हैं, उनसे महाराष्ट्र को छुटकारा मिल गया, तो मुझे बहुत खुशी होगी, ऐसा शरद पवार ने कहा। कल कोल्हापुर में आयोजित पत्रकार परिषद में पवार ने उक्त बातें कहीं। इस अवसर पर शरद पवार ने देश सहित महाराष्ट्र के सभी मुद्दे पर विस्तार से मीडिया को जानकारी दी। इस मौके पर शरद पवार ने इंडिया टुडे और सी वोटर द्वारा कराए गए 'मूड ऑफ नेशन' सर्वे के नतीजों पर भी टिप्पणी की। 'मूड ऑफ नेशन' सर्वे के मुताबिक महाविकास आघाड़ी को महाराष्ट्र में



लोकसभा चुनाव में ३४ सीटों पर जीत का अनुमान है इसलिए विरोधियों में खुशी का माहौल है। इस बारे में बात करते हुए शरद पवार ने कहा कि इंडिया टुडे और सी वोटर के पहले के सर्वे सटीक रहे हैं। मैं उन पर बिल्कुल भरोसा नहीं करूंगा। लेकिन इस सर्वे ने सबको दिशा दिखा दी है। वह दिशा सत्ताधारी दल के लिए आसान नहीं है, ऐसा पवार ने कहा। कर्नाटक में भाजपा की सत्ता नहीं रहेगी, वहां लोग बदलाव के लिए उत्सुक हैं। अन्य राज्यों में भी ऐसी स्थिति हो सकती है, ऐसा विश्वास शरद पवार ने व्यक्त किया। भाजपा के विरोध में सभी विरोधी दलों की एकजुटता और वर्तमान में उसकी क्या स्थिति है? इस बारे में पूछे गए सवाल पर पवार ने कहा कि अभी सकारात्मक कुछ भी कहने योग्य नहीं है। मैं खुद कई लोगों से बात कर रहा हूं। विपक्ष को साथ लाने का हमारा प्रयत्न शुरू है, लेकिन कहीं-न-कहीं स्थानीय मुद्दे आड़े आ रहे हैं। उन्होंने केरल का उदाहरण देते हुए कहा कि डाव्या और राकांपा अन्य दल की सत्ता है, लेकिन वहां मुख्य विपक्ष कांग्रेस पार्टी है, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस और राकांपा एक साथ हैं। लेकिन कुछ स्थानीय मुद्दे अनुकूल नहीं हैं।

# म्हाडा द्वारा किराए में दोगुनी वृद्धि, बकाया वसूली की नोटिस पर रोक

**मुंबई :** दक्षिण मुंबई में म्हाडा के किराए के घरों में हजारों परिवार रह रहे हैं। म्हाडा ने बकाया किराया वसूली के लिए इन घरों में रहनेवाले २० हजार से अधिक परिवारों को नोटिस जारी किया था। इन २० हजार परिवारों में कुल मिलाकर करीब एक लाख लोग रह रहे हैं। म्हाडा द्वारा किराए में दोगुनी वृद्धि कर दी गई थी, जिससे इन




घरों में रहनेवाले गरीब तबके की मुसीबत बढ़ गई थी और उन्होंने किराया देना बंद कर दिया था। म्हाडा की इस नोटिस के बाद इनके बेघर होने का खतरा पैदा हो गया था। ऐसे में इन घरों में रहनेवाले निवासियों ने इस नोटिस का जमकर विरोध किया। निवासियों के विरोध के आगे 'ईडी' सरकार को झुकते हुए नोटिस पर रोक लगाना पड़ा है। म्हाडा के मुंबई भवन और मरम्मत पुनर्निर्माण बोर्ड ने बकाया सेवा शुल्क के भुगतान के लिए दक्षिण मुंबई में पुनर्निर्मित भवनों के २० हजार से अधिक निवासियों को नोटिस जारी किया है।

# जननायक की जयंती पर उमड़ा जनसैलाब .....

## वो जब याद आये बहुत याद आये...

**जौनपुर रिपोर्ट प्रकाश शर्मा**

भारतीय राजनीतिक क्षेत्र में प्रथम शुद्र सम्राट महाराजा चक्रवर्ती महापदम नंद के मूल वंशज रक्त मय संबंध के साक्षी, कर्मठ, ईमानदार, तेजस्विता के धनी, राजनीतिक क्षितिज पर देदीप्यमान नक्षत्र की तरह चमकते हुए सितारे, शोषित, , वंचित तथा उपेक्षित समाज में निचले पायदान पर विराजमान परिवार में बिहार राज्य के समस्तीपुर जिले के पितौझिया ग्राम में कर्पूरी ठाकुर का जन्म 1924 में हुआ.पिता का नाम गोकुल ठाकुर तथा माता का नाम श्रीमती रामदुलारी था. प्रारंभिक शिक्षा समस्तीपुर से प्राप्त करने के उपरांत इंटरमीडिएट की शिक्षा दरभंगा से प्राप्त किया. 1938 में समस्तीपुर में हुए समाजवादियों के सम्मेलन में कक्षा 10 में अध्ययन करने के दौरान ही कर्पूरी ठाकुर के भाषण से सभा में उपस्थित आचार्य नरेंद्र देव, रामवृक्ष बेनीपुरी, राहुल सांकृत्यायन जैसी विभूतियां बहुत





प्रभावित हुई.स्नातक शिक्षा प्राप्त करने के दौरान महात्मा गांधी के संपर्क में आकर स्वतंत्र आंदोलन में ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ बिगुल फूंक दिया ब्रिटिश हुकूमत ने इन्हें गिरफ्तार कर दरभंगा जेल में डाल दिया. सामाजिक न्याय के सिपाही, समाजवाद के सच्चे सेनानी, एक करिश्माई व्यक्तित्व के धनी कर्पूरी ठाकुर को जनता ने जननायक की उपाधि से सम्मानित किया.बिहार राज्य की राजनीति में कालांतर में अनेक राजनीतिज्ञ हुए किंतु राजनीति में देदीप्यमान नक्षत्र





की तरह चमकने वाले सितारे का नाम था कर्पूरी ठाकुर.

कर्पूरी ठाकुर का जीवन वृतांत संघर्षों से भरा पड़ा है जीवन में सदैव संघर्ष का रास्ता चुनते हुए उन्होंने बिहार राज्य के मुख्यमंत्री पद को सुशोभित किया.कालांतर में वे समस्तीपुर से लोकसभा के लिए चुने गए.जीवन के संघर्ष को कविता के माध्यम से व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा

**हक चाहो तो लड़ना सीखो,**
**कदम कदम पर अड़ना सीखो.**
**जीना है तो मरना सीखो**

संघर्ष से शिखर तक की यात्रा तय करने वाले कर्पूरी ठाकुर जी का 99 वां जयंती समारोह भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति के कार्यालय समसपुर खपड़हा थाना सिकरारा जौनपुर में बहुत ही भव्य तरीके से मनाया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर श्रीमती श्रीकला धनंजय सिंह अध्यक्ष जिला पंचायत, पूर्व सांसद धनंजय सिंह, विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रीन्सू, ब्लॉक प्रमुख संजय सिंह, पूर्ण मासी शर्मा के अलावा राकेश शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, क्षेत्र पंचायत सदस्य विशाल शर्मा, तूफानी शर्मा हरिश चंद शर्मा, सुरेश शर्मा पत्रकार, प्रकाश शर्मा पत्रकार, गायक कलाकार प्रमोद शर्मा, नीरज शर्मा, मुन्ना शर्मा, बच्चा शर्मा, विकास शर्मा, बेचू शर्मा, डॉ राजेंद्र शर्मा के अलावा जनपद के कोने-कोने से सैकड़ों की संख्या में आए स्व जातीय समाज के लोग उक्त कार्यक्रम की सफलता के साक्षी बने. कार्यक्रम का संचालन पूर्णमासी शर्मा ने किया.कार्यक्रम के समापन पर संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद शर्मा ने सभी आगंतुकों का हृदय से आभार व्यक्त किया तथा अगले वर्ष कर्पूरी ठाकुर जी की जन्मशती जयंती मनाने के लिए व्यापक कार्यक्रम की रूपरेखा भी बताया. उन्होंने कहा कि अगले वर्ष होने वाले शताब्दी समारोह के पूर्व ही कर्पूरी ठाकुर की मूर्ति स्थापना से संबंधित कार्य को पूरा करने का भरपूर प्रयास किया जाएगा.

# नालासोपारा मुंबई में जन नायक कर्पूरी ठाकुर जयंती समारोह जन समुदाय के साथ संपन्न

**मुंबईः** जैसा कि जनवरी 28 को बिहार के पूर्व सीएम भारतीय राजनीति के कद्दावर नेता स्वर्गीय श्री जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की जन्म जयंती मुंबई के उपनगर नालासोपारा में अखिल भारतीय सविता महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी शर्मा के नेतृत्व में वरिष्ठ समाजसेवी, कांग्रेस नेता श्री अशोक









शर्मा ने समारोह की अगुवाई की।

आम जनमानस और हमारे समाज के आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्ति को संदेश देने के माध्यम से नालासोपारा में उनकी जन्म जयंती का आयोजन किया था। बड़ी संख्या में इस उत्सव में शामिल होकर लोग यादगार लम्हों के हिस्सेदार बने।













अखिल भारतीय सविता महासंघ ने स्व.श्री कर्पूरी जी के विशाल व्यक्तित्व और गौरवश्री भव्यता के दर्शन हेतु श्री प्रफुल्ल भाई हॉल नालासोपारा, हरिशंकर शर्मा वली गांव, जीतू शर्मा मुलुंड, श्याम जी शर्मा, रामसकल शर्मा, शिव प्रसाद शर्मा, हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर के प्रधान संपादक श्री छोटेलाल शर्मा, प्रबंध संपादक श्री अनिल शर्मा एवं उप संपादक हरिशंकर (मुन्ना) उपाध्यक्ष श्री रामजीत वर्मा, उप कोषाध्यक्ष श्री नवनीश शर्मा, ठाणे निवासी श्री अशोक शर्मा, इत्यादि गणमान्य व्यक्तियों ने स्व. श्री कर्पूरी जी को जयंती उत्सव पर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित कर अपने निजी वक्तव्य से मंच साझा किया।

इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए युवा नेता, वरिष्ठ पत्रकार,अभासम के ट्रस्टी श्री अनिल शर्मा ने अपने विचारों और भावों को मंच पर विराजमान गणमान्य विभूतियां और सम्मानित आंगतुक से साझा कर मेक इन इंडिया के उद्देश्यों एवं उसके फायदों से अवगत कराया।सविता समाज और सामाजिक कार्यों की ओर स्वजातीय युवाओं का रुझान आकर्षित करने के लिए अभासम के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी शर्मा जी से विनम्रतापूर्वक आग्रह करते हुए समाज को रोशन करने की प्रार्थना की।

समाज स्तंभ, कर्मठ, सरल स्वभाव अखिल भारतीय सविता महासंघ के अध्यक्ष श्री जेपी शर्मा, मुंबई कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शभाजीत शर्मा, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी जौनपुर, श्री अजय शर्मा, जयपाल शर्मा समाजसेवी, शशिभूषण शर्मा शिवसेना वसई, कलेक्टर शर्मा उद्योगपति, अशोक उमाशंकर शर्मा उद्योगपति, रामकृपाल शर्मा समाजसेवी, अनंत लाल शर्मा, जगदीश शर्मा

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com